आवेदक की घोषणाएँ

मैं घोषणा करता/करती हूं कि:

1. मैं विश्वविद्यालय के समस्त नियमों, निर्देशों, सूचनाओं एवं आचरण संहिता का पूर्णरूपेण पालन करूँगा/करूँगी।
2. विश्वविद्यालय के नियम, अनुशासन व व्यवस्था के प्रति वचनबद्ध रहूंगा/रहूंगी। अपना व्यवहार संयत, शालीन एवं विनम्र रखते हुए प्रत्येक प्रकरण में विश्वविद्यालय के निर्णयों का पालन करूँगा/करूँगी।
3. ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लूँगा/लूँगी जिससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा एवं निहित उद्देश्यों का अहित हो।
4. कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता का पालन करूँगा/करूँगी अन्यथा मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा, मुझे सत्रान्त परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी।
5. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि, मैं पाठ्यक्रम अध्ययन के दौरान कोई नौकरी, रोजगार, व्यवसाय नहीं करूँगा/करूँगी। मैं पाठ्यक्रम अवधि में नियमित अध्ययन कार्य करूँगा/ करूँगी। यदि पाठ्यक्रम के दौरान यह ज्ञात हुआ कि मैं नौकरी, रोजगार, व्यवसाय कर रहा/रही हूँ तो मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
6. मैं किसी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में भाग नहीं लूँगा/लूँगी।
7. मैं विश्वविद्यालय में आगमन एवं प्रस्थान के लिए दो-पहिया वाहन एवं चार-पहिया वाहन का उपयोग करते समय अपने उचित लाइसेंस का तथा हैलमेट लगाने एवं सीट बैल्ट बांधने के नियम का पालन करूंगा/करूंगी।
8. मैं विश्वविद्यालय की किसी भी नीति की सार्वजनिक आलोचना नहीं करूँगा/करूँगी अपितु किसी समस्या की स्थिति में विश्वविद्यालय, विभाग के अधिकारियों के सहयोग से उसे दूर करूँगा/करूँगी।
9. मेरे विरुद्ध पूर्व में अनुशासनहीनता, दुराचार, रैगिंग, नकल प्रकरण, आपराधिक कृत्य के विरुद्ध कोई न्यायालयीन, विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है। यदि हाँ तो विवरण दें

   ....

   ....

मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। किसी भी तथ्य को न तो छिपाया है और न ही कोई असत्य, भ्रामक जानकारी दी है।

दिनांक: ....

भवदीय

हस्ताक्षर ....

नामः ....

पिता/पति का नामः ....

पताः ....

....

दूरभाष, मोबाईल नं. ....